हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2024

04 कलेक्टर ने अमृत सरोवर का किया निरीक्षण...

07 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण...

खबर संक्षेप

डिजिटल मार्केटिंग पर आधारित प्रबंधकीय विकास प्रशिक्षण 5 फरवरी से

सागर। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मार्गदर्शन में जिले के उद्यमियों के लिए एक सत्ताह का निःशुल्क डिजिटल मार्केटिंग पर आधारित प्रबंधकीय विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मार्केटिंग कैसे प्रारंभ करें, वेबसाइड कैसे बनायें, मोबाइल मार्केटिंग, ई-मेल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स पोर्टल के प्रकार, ई- कॉमर्स वेबसाईट कैसे बनायें, कम समय एवं कम लागत में अपने उत्पाद को लक्षित ग्राहकों तक पहुंचाने के तरीके, अपने उत्पाद की सेवायें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करना, आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की जावेगी। उक्त प्रशिक्षण में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमी / युवा प्रशिक्षण में सम्मलित होने के लिए पंजीयन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में कार्यालयीन समय में करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 2 फरवरी नियत की गई है।

जन सुनवाई में सुनी गई आम लोगों की समस्याएं

सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज कलेक्टर दीपक आर्य, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सिटी, मजिस्ट्रेट जूही गर्ग एवं एसएलआर देवी शरण चक्रवर्ती ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 46 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

एकता समिति ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

सागर। एकता समिति ने गुजराती बाजार में अयोध्या में भगवान श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर भव्य आयोजन कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। भगवान श्री राम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रसाद का वितरण के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद आचार्य एम,डी त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवित्री सुश्री शरद सिंह ने श्रीराम के बारे में काव्य पाठ किया। शिवसेना के उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि कठिन संघर्ष के बाद राम मंदिर बना है। उन्होंने कहा कि कार सेवा के दौरान वे उत्तर प्रदेश में 23 दिन जेल में बंद रहे। संस्थापक अब्दुल रशीद भाई ने कहा कि रामजी से हमें प्रेरणा मिलती है। राष्ट्र पति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कमल जैन ने राम जी के लिए कविताओं का पाठ किया। राजेंद्र सोनी ने धार्मिक गीतों के साथ माहौल धर्ममय कर दिया।

वरिष्ठजन भरण पोषण अधिनियम लागू

सागर। वरिष्ठजनों के लिये भरण-पोषण अधिनियम- 2007 सहायक बन कर सामने आया है। जिस प्रकार उम्र बढ़ने पर सहारे के लिये लाठी की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार यह अधिनियम वरिष्ठजनों के लिये सहारे की लाठी बन कर उभरा है। अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों और अभिभावकों को समर्थन प्रदान करने वाली व्यवस्था की रचना करना है, जिससे वे एक विशेष ट्रिब्यूनल (अधिकरण) के समक्ष निर्धारित 90 दिन की समय-सीमा के अंदर भरण-पोषण के अधिकार को सुलभता और शीघ्रता से प्राप्त कर सकें। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम-2007 प्रदेश में 23 अगस्त, 2008 से लागू है।

जैन व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आयोजन में की सहभागता

विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का दस दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर के समीप जंगल मे स्थित हनुमानजी मंदिर परिसर मजघटिया धाम पर श्रीरामजी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का एतिहासिक आयोजन हुआ। मजघटिया धाम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्रीराम महायज्ञ के साथ भगवान श्रीरामजी के दरबार की नवनिर्मित मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा के साथ रामलीला का आयोजन एवं विशाल मेला लगाया गया आयोजन में जहा क्षेत्र भर से लोग बड़ी संख्या में मजघटिया धाम पहुचे वही जैन एवं मुस्लिम समुदाय के लोगो ने भी आयोजन में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में हनुमानजी मंदिर एवं श्रीराम मंदिर पर कलशारोहण किया गया प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन अयोध्या में हुये कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुआ।विशाल भंडारा किया गया। शाहगढ़ के समीप घाटी पर स्थित हनुमानजी का प्राचीन मंदिर था जो घने जंगल एवं घाटी पर होने से मजघटिया धाम के नाम से क्षेत्र में प्रसिद्ध रहा।प्राचीन एवं मंशापूर्ण हनुमानजी का धाम लोगो की आस्था का स्थान रहा जिससे यहा पर लोग हमेशा जुड़े रहे , मजघटिया धाम पर धीरे धीरे युवाओं की बड़ी संख्या पहुचने लगी एवं

प्राचीन मंदिर क्षेत्र के जीणोद्धार के लिए श्रम दान में जुट गई और धीरे धीरे युवाओं ने मजघटिया धाम को एक सुंदर परिसर बनाकर हनुमानजी मंदिर का भी नवनिर्माण कर लिया।

जब हनुमानजी मंदिर परिसर भव्य एवं सुंदर हो गया तब नगर के युवाओं ने हनुमानजी के धाम पर श्रीराम मंदिर का निर्माण करने एवं श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का आयोजित किया जो आज पूरा हो गया है।शाहगढ़ क्षेत्र के प्रसिद्ध मजघटिया धाम पर दस दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में क्षेत्र के सभी धर्मों के लोगो ने शामिल होकर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम के साथ शाहगढ़ के श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को धूमधाम से सम्पन्न कराया एवं मंगलवार को विशाल भंडारे में क्षेत्र के रामभक्त हजारों की संख्या में शामिल हुये।

झूलेलाल मंदिर में विराजे श्रीराम दरबार

सागर। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर के शुभारंभ एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमे सिंधी समाज द्वारा श्री राम दरबार की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि विधान से हुआ सुबह 5 बजे से 7 बजे तक लालाराम मेठवानी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी जो पूरे संत कंवरराम वार्ड का भ्रमण कर वापस झूलेलाल मंदिर पर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में श्री राम जय जय राम की धुनि से पूरा वार्ड गुंजायमान हुआ। इसके उपरांत गरीब असाहय लोगो को कम्बल वितरित किये। जानकारी देते हुए सुरेश मोहनानी, सोनू जैसवानी ने बताया कि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सिंधी कॉलोनी में भक्ति भाव के साथ दोप 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीराम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधि विधान से प.श्रीधर शर्मा द्वारा झूलेलाल मंदिर में कराया गया। इस मौके पर लालाराम मेठवानी, राजकुमार लहरवानी, विजय लालवानी, दिया राजपूत, रैना गोकलानी, ममता तलरेजा, मोनिका मेठवानी, सुलोचना लहरवानी, काजल रोहरा, कनक लोटवानी, लीला आहूजा, रुक्मणि सुंदरानी, काजल शादीजा, निर्मला लालवानी, कविता लहरवानी आदि शामिल थे।

तीसरी लाइन के भू-अर्जन के समस्त प्रकरणों का निराकरण तत्काल करें: कमिश्नर रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

तीसरी लाईन के भू-अर्जन के समस्त प्रकरणों का निराकरण तत्काल करें एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उक्त निर्देश कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने बीना-कटनी तीसरी रेलवे लाईन एवं ललितपुर-सिंगरौली नई रेलवे लाइन निर्माण परियोजना में भूमि-अर्जन के संबंध में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में दिए। इस अवसर पर सागर कलेक्टर दीपक आर्य, छतरपुर कलेक्टर संदीप जी.आर. एवं पन्ना कलेक्टर हरजिंदर सिंह, सागर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, जबलपुर, भोपाल के रेलवे अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने निर्देश दिए कि बीना-कटनी तीसरी रेल लाइन एवं ललितपुर-सिंगरौली नई रेलवे लाइन निर्माण परियोजना में जो भी भूमि अर्जन के

प्रकरण लंबित हैं, उनका निराकरण तत्काल करें एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बीना-कटनी रेलवे तीसरी रेलवे लाइन के अंतर्गत रंगोली पाली तोड़ा गौतमिया ईश्वरवारा खेरा, सलैया, हिरण छिपा, सेमरा, लहरिया जरूआखेड़ा, बरधा, घटियारी बडोरा सिलोदा सुमरेड़ी लीदोरा खुर्द ग्रामों में जो भी भूमि अर्जन के प्रकरण लंबित है उन्हें तत्काल निराकृत करें। कमिश्नर डॉ. रावत ने निर्देश दिए कि जिन भू-अर्जन के कार्यों में आपसी सहमति है उनका निराकरण तत्काल करें एवं जिन प्रकरणों में आपसी सहमति नहीं है उनमें सहमति बनाने के लिए प्रयास करें। तत्पश्चात अवार्ड पारित करें। उन्होंने कहा कि सतना पन्ना क्षेत्र के अंतर्गत जो भी पन्ना जिले के भूमि अर्जन के प्रकरण लंबित हैं उनका भी निराकरण करें। इसी प्रकार नामांतरण के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाए।

डेयरी विस्थापन योजना अंतर्गत पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से 17 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई

सागर। सागर नगर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है जिसके तहत सोमवार को अंबेडकर वार्ड धर्मश्री चौराहे से 8 पशुओं को पकड़कर दयोदय गौशाला एवं सुभाष नगर वार्ड स्थित अंकित यादव की 9 भैंसों को ग्राम जरारा नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किये गये। कुल 17 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किये गये। आयुक्त ने डेयरी विस्थापन दल को निर्देश दिये है कि शहर के मुख्य मार्गो पर आवारा रूप से घूम रहे पशुओं को पकड़क़र गौशाला में बंद कराने की कार्रवाई करें तथा डेयरी विस्थापित होने के बाद पुनः डेयरी संचालित होने की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल पशुओं को जप्त करने की कार्रवाई करें।

जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

सागर। कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक ने सागर विकासखंड की विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन एवं जिला परियोजना सामान्य गिरीश मिश्रा ने मंगलवार को शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कनेरा देव, हाई स्कूल मेनपानी, शासकीय एकीकृत शाला कन्या तालचिरी का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि प्रतिदिन पूरी शाला की साफ सफाई की जाए।

जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा को मिला स्पेशल कैटेगिरी में मप्र स्तर पर प्रशस्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप टीम द्वारा चलाये गये जिसके परिणाम स्वरूप सागर जिले में प्रथम बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। स्वीप टीम द्वारा महाविद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों में कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर विशेषमतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये। महिला मतदताओं को ध्यान में रखकर भी जमीनी स्तर पर कार्यक्रम चलाये जिसके परिणाम स्वरूप प्रथम वार सागर जिले की महिलाओं द्वारा 73.24 प्रतिशत मतदान किया। जिला नोडल स्वीप अधिकारी पीसी शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिन्होंने जाग उठा है एमपी सारा तथा अपकी दिवाली मतदान वाली जैसे प्रेरणात्मक गीतों की रचना कर मतदान प्रतिशत बड़ाने में योगदान दिया। म.प्र. निर्वाचन आयोग द्वारा सागर जिले में किये गये मतदान संबंधी कार्यों के लिए उनको स्पेसल कैटेगिरी में प्रशस्ति पत्र 25 जनवरी 2024 को राज्यपाल द्वारा प्रदान किया जायेगा। स्वीप टीम की इस सफलता पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी तथा जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने उन्हें बधाई दी है।

125 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

सागर। डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 125 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर निशुल्क रक्त शर्करा परीक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है।

शिवसेना ने मनाई बालासाहेब ठाकरे की जयंती

गौरझामर। देवरी विधानसभा के ग्राम गौरझामर में शिवसेना पद अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 98 वीं जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बालासाहेब ठाकरे की फोटो पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम को हर्षोल्लास से मनाया शिवसेना के क्षेत्र प्रमुख शक्ति उपाध्याय ने कहा हिंदूवादी प्रखर विचारों की वजह से अखबारों की सुर्खियों में बने रहने वाले ठाकरे साहब हमेशा हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। शिवसेना अध्यक्ष राहुल गुरु ने कहा हर हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे को हम उनकी जयंती पर नमन करते हैं ज्ञात है कि 23 जनवरी 1926 को बालासाहेब ठाकरे का जन्म उसे समय की मुंबई प्रेसिडेंसी के पुणे शहर में हुआ था उन्होंने 1966 में शिवसेना की स्थापना की थी और वह मराठी में सामना नाम से समाचार पत्र भी प्रसारित करते थे। महाराष्ट्र में एक खास विचारधारा रखते हुए वहां के आमजन में अपनी एक विशेष स्मृति स्थापित की कार्यक्रम में शामिल रहे शिवसेना के सभी सदस्य पवन लोधी, शक्ति उपाध्याय, दीपक चढ़ार, राहुल, गुरु रमन उपाध्याय, देवेंद्र पटेल, अंशुल गुरु, परसू रैकवार सभी शिव सैनिक एक उपस्थित रहे।

रहली में सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई

रहली। पंडलपुर सुभाष चौक पर मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी सहित सभी अतिथियों ने सुभाष चंद्र बोष की प्रतिमा पर रोरी से तिलक लगाकर माल्यार्पण किया, और सुभाष जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर ओमकार नायक,पप्पू गौर,डॉ कमल यादव,अरुण पाठक ,विक्रम ठाकुर सहित अनेक लोग शामिल रहे।

नृत्ययोगेन आरोग्यम कथक कार्यशाला का शुभारंभ

सागर। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एडुजी लाइफ और शाम्भवी क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा बालिका सर्वांगीण विकास पर केंद्रित तीन दिवसीय कथक कार्यशाला नृत्ययोगेन - आरोग्यम का शुभारंभ मंगलवार को सिटी स्टेडियम के सभागार में संपन्न हुआ।कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि- महिला एवं बाल विकास विभाग सागर संभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ. हरिसिंह गौर वि. वि. के हिन्दी और संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो.आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, एडुजी लाइफ की अघ्यक्ष एडवोकेट दीपा तिवारी एवं शाम्भवी क्रिएटिव फाऊंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शाम्भवी शुक्ला मिश्रा ने मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। पंण्डित प्रतीक पाठक ने मंत्रोच्चारण से वातावरण गुंजायमान किया। प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी का अभिनंदन प्रख्यात सितारवादक डॉ. सिद्धार्थ शंकर शुक्ला ने शाल, श्रीफल और तुलसी पौधे से किया तत्पश्चात बृजेश त्रिपाठी का अभिनंदन फाउंडेशन सचिव मनोज तिवारी ने किया। एडवोकेट दीपा तिवारी एवं डॉ. शाम्भवी शुक्ला मिश्रा ने अपनी अपनी संस्थाओं की जानकारी और गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. शाम्भवी ने कहा कि नृत्यगोगेन आरोग्यम एक ऐसी पहल है जो कि नृत्य विधा एवं योग को संयुक्त रूप से अभिव्यक्त करती हुई इनके उन सकारात्मक प्रभावों पर केंद्रित है जो कि नारी के शारीरिक ही नहीं अपितु सर्वांगीण विकास में लाभप्रद है। प्रो.आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकाओं को शुरू से ही पढ़ाई के अलावा कला-माध्यम द्वारा सांस्कृतिक रूप से और व्यायाम योग द्वारा शारीरिक रूप से स्वयं को सक्षम बनाना चाहिये। कार्यशाला में कथक और योग के मार्फत आप लोग अच्छे गुरु के सानिध्य में आये हैं। बृजेश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को प्रेरित किया कि वे अपनी सुरक्षा हेतु सजग रहें। योग, कराटे के साथ-साथ आप लोग नृत्य की शिक्षा ले रही हैं यह बड़ी सुखद बात है। उद्बोधन पश्चात कथक रत्न डॉ .शाम्भवी ने कार्यशाला में उपस्थित करीन 50 प्रशिक्षुओं को योग व कथक मुद्राएँ सिखाईं जिसे बालिकाओं ने एकाग्रता से सीखा। आयोजन में प्रदीप पांडे ने उद्घोषक के रूप में बहुत शानदार भूमिका निभाई। सिटी स्टेडियम में हो रहे इस कार्यक्रम में श्यामलम अध्यक्ष उमाकांत मिश्र, श्रुतिमुद्रा सहसचिव डॉ. कविता शुक्ला, सुश्री संध्या सर्वेटे, कवि प्रभात कटारे सहित अनेक कलाप्रेमी उपस्थित थे।

मालथौन वन परिक्षेत्र के धामोनी बीट में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम

शिक्षा व वनों को समझने नर्सरी पहली सीढ़ी: रेंजर सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालथौन

वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा उत्तर वन मंडल सागर के अंतर्गत मालथौन वन परिक्षेत्र के धामोनी बीट में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां के 125 छात्र-छात्राओं के एक दल ने शिक्षकों के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त विद्यार्थियों को वन परिक्षेत्र अधिकारी वी.एन. सोलंकी के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक और उनकी टीम ने जंगल का भम्रण कराया गया। पेड़- पौधों की विविध प्रजाति से उनका परिचय कराते हुए उनका धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व समझाया गया। अनुभूति कार्यक्रम में वन्यप्राणी संरक्षण, जैव विविधता, पारिस्थितिक तंत्र, पक्षियों को महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके पहले जंगल के भीतर क्या करें, क्या न करे इसके बारे में उन्हें दिशा निर्देश दिए गए। वन का भम्रण कर रहे विद्यार्थियों को वन कर्मचारियों ने बेहड़ा, सागौन, महारु, कासन, तेंदूपत्ता, देवस, बनतुलसी और बांस की विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधों से परिचय कराया गया। उनके औषधीय गुणों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अनिल दोहरे ने बच्चों को बताया कि लेन्टाना खरपतवार बनों के विस्तार में किस प्रकार से बाधक है, पक्षियों का मानव जीवन में

किस प्रकार से सुबह से लेकर शाम तक महत्व है।वन्यप्राणी अधिनियम में तितली को मारना भी अपराध की श्रेणी में क्यों आता है। पीटीपी व जीपीएस की जानकारी दी गई। अनुभूति कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा बच्चों को वन विभाग का मित्र बनाने लिए यहां लाया गया है। उन्होंने ईको पर्यटन, हरित क्रांति, वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी, पक्षियों के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बिना पर्यटन मानव जीवन अंधकार जैसा है। भारतीय ग्रंथों में भी स्पष्ट रूप से मानव के विकास, सुख और शांति की संतुष्टि व ज्ञान के लिए पर्यटन को अति आवश्यक माना गया है। उन्होंने कहा वन और वन्यप्राणियों की सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। इस बात की जानकारी बच्चे अपने बड़े बुजुर्गों और पड़ोसियों को समझाएं। वन्यजीवों का वनों से अटूट रिश्ता है, वनों में रहने वाले जीव-जंतु और पक्षियों के लिए यही वन उनका घर हैं। वन का वातावरण वन्य प्राणियों के लिए उनका पारिवारिक परिवेश है। वन की धरती इन जीवों के लिए बिछौना और वृक्षों की छाया उनके लिए चादर है। वनों के बिना वन्यप्राणी और मानव जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। पर्यटन यात्रा मनोरंजन या फुरसत के क्षणों का आनंद उठाने के उद्देश्यों से की जाती है, पर यहां वन विभाग ने आप बच्चों को जो जानकारी दी है वह किताबों में नहीं मिलेगी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी लोग अपने आसपास वन और वनों की सुरक्षा के लिए प्रयास करें साथ ही लोगों को जागरूक करें जिससे हमारी वन संपदा की सुरक्षा में हमारा योगदान हो। कार्यक्रम में जंगल की ऊंची-नीची पहाड़ी का भम्रण करते हुए विविध ज्ञानवर्धक जानकारी लेने के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए बच्चों ने कहा कि वन तथा वन्यप्राणी मनुष्य के सच्चे साथी और मित्र हैं। मनुष्य द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए इनका शिकार करना घटिया मानसिकता का परिचय हैं।

सामान्य ज्ञान, चित्रकला प्रतियोगिता हुए आयोजित

कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने सामान्य ज्ञान चित्रकला संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया आखिर में विजेता छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में क्रमश नीलेश साहू पहला,विकास साहू दूसरा मुबारक खान को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ तो चित्रकला प्रतियोगिता में निकिता लोधी पहला, अनुराधा विश्वकर्मा दूसर, महिमा कौशिक को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि दयाराम चौरसिया,वरिष्ठ पत्रकार राकेश मिश्रा, रविन्द्र ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, कार्यक्रम के संचालन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बद्री नारायण सोलंकी, परिक्षेत्र सहायक अनुराग श्रीवास्तव, नरेंद्र आर्य परिक्षेत्र सहायक, दयाराम सौर,भानुप्रताप सिंह, सतह जैन,पवन दांतरे, लक्ष्मण पटेल सहित स्टाप का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

खांगे मंदिर में भंडारा संपन्न, लिया प्रसाद

टीकमगढ़। क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा श्री श्री 1008 श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 19 जनवरी से 22 जनवरी पूर्ण आहूति भंडारा हुआ प्राण प्रतिष्ठा प्रतिष्ठाचार्य पं भगवान दास मिश्रा द्वारा कार्य क्रम संपन्नता पूर्ण हुआ।जिसके मुख्य यजमान ब्रजमोहन जड़िया शंकर लाल सोनी, राजाराम सोनी, नंदकिशोर सोनी, राजाराम पाल यजमान थे। कार्य क्रम मे क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष दिनेश सोनी भरत सोनी आर पी सोनी नारायण माते धनी राम सोनी राममूर्ति सोनी संतोष सोनी कैलाश जड़िया मुन्ना लाल सोनी सुनील सोनी लक्ष्मण रैकवार राजेन्द्र जैन, बंटी सोनी, जयेश सोनी, रितेश सोनी, संतोष सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

प्रभु प्रतिष्ठा के साथ आयोजन संपन्न

टीकमगढ़। नगर में रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुधा सागर रोड तिराहे पर मां ज्ञानेश्वरी माता मंदिर वार्ड नंबर 27 में महिला मोर्चा भाजपा जिला मंत्री मीरा खरे द्वारा मिलकर भजन कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण किया गया। बड़े स्तर पर सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। पंडित सुनील पाठक के सानिध्य में सारे धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए मातृशक्ति मीरा खरे, विभा श्रीवास्तव, इंदिरा यादव, रामकली कुशवाहा और सभी भक्तगण सम्मिलित रहे।

परिजन नहीं मिलने पर 48 घंटे बाद हुआ अज्ञात का पोस्टमार्टम

बीना। जीआरपी द्वारा सिविल अस्पताल में भर्ती किए गए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसका 48 घंटे बाद सोमवार को पीएम कराया गया। वही मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी प्रधान आरक्षक महेंद्र ठाकुर ने बताया की रघुवीर पिता सुखदेव उम्र 48 निवासी अज्ञात को इलाज के लिए 17 जनवरी को सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी 21 जनवरी को इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बारिशन की तलाश करने के लिए शव को 48 घंटे की परमिशन पर रखा गया था। जिसके बारिशन का पता न चलने पर मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करने के बाद मुक्तिधाम में मृतक के शव को दफना दिया गया है।

नरसिंह हिंदू संगठन ने किया कार सेवकों का किया सम्मान

बीना। नरसिंह हिंदू संगठन द्वारा विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ महाआरती के साथ कार सेवकों का सम्मान किया गया। सन 1990 और 1992 में कार सेवा के लिए बीना और आसपास से गए कार सेवकों का नरसिंह हिंदू संगठन के पदाधिकारी विकास राजपूत, विवेक राजपूत, शिवम पाठक, शैलेंद्र ठाकुर, मदन राजपूत, निखिल जोशी, रघुवीर ठाकुर, मयंक, कर्ण सहित महेश राय, संजीव जैन, शिवकुमार चौबे आदि ने कार सेवकों का शाल श्रीफल एवं भगवान राम का राम मंदिर सहित चित्र भेंट कर सम्मान किया। कार सेवा में गए राम शर्मा, शिवराज सिंह ठाकुर, जसवंत सिंह ठाकुर, रामस्वरूप सोनी, द्वारका प्रसाद पटेरिया, हरदास विश्वकर्मा, श्रीराम ठाकुर, बबलू खटीक, विष्णु नामदेव आदि ने उस समय की स्थितियों का अवगत कराते हुए कार सेवा किस विपरीत परिस्थितियों में की इसकी जानकारी दी।

बच्चों के बौद्धिक विकास व प्रतिभा को निखारने नि:शुल्क चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले की सर्वाधिक सक्रिय साहित्यिक संस्था म.प्र.लेखक संघ जिला इकाई टीकमगढ़ द्वारा बच्चों के बौद्धिक विकास एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जिले की लोकविद् डॉ.मधु श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में निःशुल्क चित्रकला (वाटर कलर) प्रतियोगिता का आयोजन आकांक्षा पब्लिक स्कूल टीकमगढ़ में किया गया। जिसमें 14 विद्यालयों से 66 बच्चों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग कक्षा 9-12 तक में प्रथम स्थान साधना अहिरवार कक्षा 12वीं नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर ने प्राप्त किया तथा दूसरा स्थान राजनंदिनी अहिरवार कक्षा 10वीं, एवं तीसरा स्थान मोना रैकवार कक्षा 10वीं पुष्पा हाईस्कूल हिन्दी मीडियम ने प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग कक्षा-6 से 8 में प्रथम स्थान शालिनी कुशवाहा कक्षा 8वीं नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर ने प्राप्त किया जबकि दूसरा स्थान आस्था कोरी कक्षा 8वीं नवोदय विद्यालय कुण्डेश्वर एवं तीसरा स्थान सपना अहिरवार कक्षा 8वीं आर्यन एजुकेशलन एकेडमी ने प्राप्त किया। विजेताओं के अलावा सभी बच्चों का मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। संयोजक राजीव नामदेव 'रान लिधौरी' ने बताया कि इस अवसर पर झाँसी एवं टीकमगढ़ के चित्रकारों की एक प्रदर्शन भी लगायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकार उमेश जडिया,जिलाध्यक्ष बुन्देलखण्ड कला मंच टीकमगढ़ रहे। विशिष्ट अतिथि जनाब मुईन अख्तर कला शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय झाँसी, एवं दिनेश श्रीवास्तव झाँसी रहे, जबकि विशेष आमंत्रित अतिथि चित्रकार अभिषेक नामदेव एवं चित्रकार जितेन्द्र बंशकार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर म.प्र.लेखक संघ के अध्यक्ष राजीव नामदेव राना लिधौरी, सचिव रामगोपाल रैकवार, उपाध्यक्ष उमाशंकर मिश्र एवं नवोदय विद्यालय की ड्रांइग शिक्षिका पूनमं सिंह एवं केयर कॉन्वेंट स्कूल की ड्रांइग शिक्षिका पूर्णिमा श्रीवास्तव का सम्मान किया गया है। अंत में सभी का आभार दिनेश श्रीवास्तव झाँसी ने व्यक्त किया।

सुंदरकांड के आयोजन से भक्ति भाव से सराबोर हुई नगर पालिका

टीकमगढ़। सोमवार को अयोध्या में हुए श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में टीकमगढ़ के नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार के रोज सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों सहित नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और सीएमओ गीता मांझी ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया।

मंगलवार को दोपहर 2 बजे से नगर पालिका दफ्तर में सुंदरकांड पाठ शुरू किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार सहित कांग्रेसी पार्षद शामिल हुए। विधि विधान से हुए इस आयोजन में श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना के बाद सुंदरकांड मंडली ने पाठ शुरू किया। इस मौके पर भक्ति व धार्मिक गीतों पर नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार सहित कांग्रेसी पार्षदों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। इस दौरान सीएमओ गीता मांझी भी भक्ति गीतों पर भाव विभोर होकर नृत्य करती नजर आई। सुंदरकांड पाठ के समापन पर सभी भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया।

पारंपरिक व्यवसाय को तकनीकि से जोड़ने का प्रयास: अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कुंडेश्वर धाम शिवधाम में टीन सेट के नीचे सर्वजन प्रजापति महासभा जिला टीकमगढ़ की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रजापति समाज के जिला टीकमगढ़ के विभिन्न दूर दराज क्षेत्र से 300 समाज बंधुओ ने हिस्सा लिया। नव वर्ष मिलन समारोह कुमार गड़ा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने पारंपरिक व्यवसाय मिट्टी के बर्तन इलेक्ट्रिक चक्की से बनाने के लिए। विविध विषयों पर चर्चा की गई इसी क्रम में प्रजापति महासभा के जिले के 41 माटी का कार्य करने वाले शिल्पियों को उद्योग विभाग में पंजीकृत करवा कर पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

साथ ही समाज की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नवीन पदाधिकारी की नियुक्ति की गई इस कार्यक्रम में उद्योग विभाग टीकमगढ़ से श्री दीक्षित द्वारा विश्वकर्मा योजनाओं के संबंध में भी अवगत कराया गया साथ ही संपूर्ण जिले के माटी शिल्पियों को पंजीकृत करने एवं उन्हें इलैक्ट्रिक चक्के का प्रशिक्षण अति शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया एवं निःशुल्क इलेक्ट्रिक चक्के वितरित कराने के लिए भी आश्वासन दिया गया। बैठक की अध्यछता कमला प्रजापति पहाड़ी तिलावरण द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक हरप्रसाद बाबूजी, जानकी प्रसाद, उपाध्यक्ष गोपाल, सहसचिव राकेश, लक्ष्मण सुखदयाल प्रजापति सहित भवानी प्रजापति, गोविंद प्रजापति, शोभाराम प्रजापति शहर सैकड़ो समाज बंधु पेपर उपस्थित रहे।

विजरावन में वाटरशेड योजना का भी कलेक्टर ने लिया जायजा

कलेक्टर ने अमृत सरोवर का किया निरीक्षण अधूरे कामों को पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर अवधेश शर्मा ने मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे तथा संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद पंचायत जतारा ग्राम बनगांय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड) अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर में शेष बचे कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अमृत सरोवर के आस-पास पेड़ लगाने तथा सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिये।

रानीगंज में वाटरशेड योजना अंतर्गत भेड़ फार्म में किये गये पौधरोपण के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पौधों की बेहरत देख-रेख कराने के निर्देश दिए। साथ ही इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी व पौधरोपण कराने के लिए कहा। तत्पष्चात कलेक्टने कुर्राई में बन रहे कृषक उत्पादक संगठन (सीएचसी) का निरीक्षण किया गया, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने तथा संचालन के लिए कार्य योजना बनाये जाने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत जतारा सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी वाटरषेड गोविन्द वर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत वाटरषेड टीम, एई, एपीओ, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विजरावन में वाटरशेड योजना का किया निरीक्षण : कलेक्टर अवधेश शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे तथा संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत विजरावन का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में मत्स्य पालन कर रहे समूह को और अधिक सुविधा प्रदान कर आजीविका वृद्धि के लिए निर्दोशित किया।

तत्पष्चात उन्होंने विजरावन में मनरेगा द्वारा निर्मित गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसा एकत्रित करने तथा व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान ग्रामीणजनों द्वारा गौशाला में बिजली एवं पानी की व्यवस्था की मांग की गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन वितरण की जानकारी ली तथा विद्यालय में व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर जनपद पंचायत जतारा सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी वाटरषेड गोविन्द वर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत वाटरषेड टीम, एई, एपीओ, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी बेटियों को जीने दो टीम

विदिशा। बुधवार को बेटियों को जीने दो टीम राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी। टीम के साथी मेडिकल कॉलेज, जिला सरकारी अस्पताल में बेटियों को कपड़े बांटेंगे। इस दौरान इस दिन व अन्य दिनों में जन्म लेने वाली नवजात बेटियों के साथ वहां मौजूद सभी नवजात बेटियों की पूजा अर्चना कर व उन्हें कपड़े भेंट किए जाएंगे। परिजनों को बेटियों की अच्छी परवरिश करने का संकल्प भी दिलाएंगे। टीम अब तक मप्र, उप्र, तमिलनाडू की बेटियों को 1100 से ज्यादा कपड़े बांट चुकी है।

'महान व्यक्तित्व के धनी थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस' गरिमामय अंदाज में मनाई नेताजी की जयंती

बीना। सीएम राइज स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। प्राचार्य मंजू यादव ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस महान व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जीवन हम सबको प्रेरणादायक है। आज इस अवसर पर शहीदों क्रांतिकारियों के चित्रों के संग्रहकर्ता राम शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित अनेकों क्रांतिकारियों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं उस समय के दस्तावेज को छात्र-छात्राओं को दिखाया। इस अवसर पर पंचम सिंह राय ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में निधि जैन, ज्ञानी चौधरी, अरविंद कुर्मी, सौरभ ठाकुर, अंजली यादव, शुभ्रा शुक्ला, दीपेश जैन, शांति ताम्रकार, शिल्पा जैन, हेमलता नामदेव, अभिषेक कुशवाहा सहित विद्यालय परिवार के बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य मंजू यादव ने आभार प्रकट करते हुए शाल श्रीफल से विद्यालय परिवार की उपस्थिति में राम शर्मा का सम्मान किया।

राम मय हुआ पूरा शहर...

बीना। अयोध्या में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शहर में खासा हर्ष उल्लास देखने को मिला। सोमवार शाम श्रीरामनाम सिद्ध पीठ के द्वारा शहर के मुख्य मार्गों, चौराहा, तिराहो पर 25 हजार से अधिक दीपक जलाए गए। दीपक करीब 2 किलोमीटर तक सड़क के डिवाइडर पर दोनों तरफ रखे गए और अंधेरा होते ही दीपको को रोशन किया गया' जिससे पूरा शहर दीपों से जगमगा उठा था। इसके अलावा अन्य धार्मिक संस्थाओं एवं शहर वासियों ने भी अपने अपने घरों पर भी दीप जलाकर दीपावली पर्व जैसा माहौल दिखाई दिया।

ट्रेनें चल रहीं लेट, रात का तापमान 6 डिग्री पर आया

विदिशा। शहर में सुबह होते ही घने कोहरे के बीच सफर करते शहर के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शहर में दोपहर तक घना कोहरा छाया रहता है। स्थिति यह रही कि सुबह 9 बजे तक 50 मीटर दूर देखना मुश्किल हो रहा था। सर्द हवाएं चलने से पूरा शहर ठिठुर गया है।

शनिवार-रविवार की रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। हाल ये था कि एक दिन पहले रात का पारा 8 डिग्री दर्ज हुआ जो 6 डिग्री पर आ गया। वहीं दिन का पारा भी 22 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले 2 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। सुबह 11 बजे तक कोहरा हल्का छंटा, लेकिन इसकी विजिबिलिटी 200 मीटर के आसपास ही रही। रात की ट्रेनें दूसरे दिन शाम को आईं। कोहरे की वजह से रात की ट्रेन दूसरे दिन शाम को आई। सीहोर कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर ने बताया कि पिछले 2-3 दिन से पूरा जिला बर्फीली हवाओं की चपेट में है।

जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीणों पर भालू का हमला

विजयपुर। श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र के जंगल में चार ग्रामीणों पर भालूओं ने उस समय हमला कर दिया,जब वे वहां लकडी लेने के लिए जंगल में गए थे। चारों ग्रामीणों को घायल अवस्था में इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि दिलीप रावत निवासी बांगरोद, रामविलास रावत निवासी बांगरोद, रामसहिं रावत निवासी दूल्हावाला, तुलसी आदिवासी सोमवार को जब लकडी लेने के लिए तारा कैर खो के जंगल में गए थे,तभी उनका सामना जंगल में घूम रहे दो तीन भालूओं से हो गया। भालूओं ने ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। किसी तरह ग्रामीण अपनी जान बचा सके। चारो को घायल अवस्था में विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है। बता दें कि यह जंगल कूनो नेशनल पार्क से लगा हुआ है। कूनो पार्क के वन्य जीव पार्क से निकलकर इस जंगल में आ जाते हैं।

जैन कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता

सागर व फेथ भोपाल टीम की आसान जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मुकाबला फेथ भोपाल और इंदौर के मध्य खेला गया। मैच का शुभारंभ स्प्रिंगफील्ड स्कूल के संचालक योगेन्द्र राणा व जनपद पंचायत विदिशा के अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज अंकुश सिंह ने 26 आलोक ने 23 राहुल बाथम ने 23 गौरव पचौनी आने 33 और अंत में रबाडा ने 7 गेंद पर ताबड़तोड़ 27 रन बनाकर खेत को 179 के स्कोर पर पहुंचाया। एमसीए इंदौर की तरफ से उज्जवल और साहिल शेख ने दो दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी एमसीए इंदौर की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और वह अपने शुरुआती झटकों से उबार नहीं सकी और 122 पर ही सिमट गई सर्वाधिक योगदान उज्ज्वल ने 34 लकी और राजेश ने 20- 20 रनो का योगदान दिया। रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भोपाल की ओर से चार विकेट लिए। दोहरे प्रदर्शन के लिए रबाडा को मैन ऑफ द मैच क्लब के वरिष्ठ सदस्य शंकरलाल गोयल द्वारा दिया गया।

संजोग ने चार व संकल्प ने दो विकेट लिए

दिन का दूसरा मुकाबला गाजियाबाद और सागर के मध्य खेला गया। जिसमें व्यापार महासंघ के पदाधिकारी अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन, उपाध्यक्ष आशीष मोदी, नीरज चौरसिया, वरिष्ठ मंत्री राजीव जैन व संयुक्त मंत्री मनीष अरोरा द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व टॉस करा कर किया।

सागर डिविजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 161 रन बनाएं सागर की ओर से संकल्प पाटोदिया ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 65 रन बनाए। शांतनु त्रिपाठी ने 39 रन का योगदान दिया। गाजियाबाद की ओर से आदर्श दुबे ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी गाजियाबाद की टीम की शुरुआत अच्छी रही, उनके सलामी बल्लेबाज आदर्श ने 20, गौतम ने 28 और माधव शर्मा ने 31 रन बनाए। इसके बाद गाजियाबाद की टीम संजोग की बॉलिंग के आगे धराशाई होते हुए 113 पर सिमट गई। संजोग ने चार विकेट व संकल्प पाटोदिया ने दो विकेट लिए। संकल्प पटौदी मैन ऑफ द मैच रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्लब के वरिष्ठ सदस्य शंकर यादव व राजेंद्र दुबे द्वारा दिया गया। मैच में टीमों के ओनर छत्रपाल शर्मा, गोलू चौधरी, दीपक तिवारी व विनय गुप्ता की उपस्तिथि रही।

दिसंबर माह की ग्रेडिंग में श्योपुर पुलिस को मिली ए ग्रेड और 86.8 अंक

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने में श्योपुर टॉप फाइव में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली आमजन की शिकायतों का निराकरण करने के मामले में श्योपुर पुलिस ने एक बार फिर टॉप फाइव में स्थान हासिल किया है। दिसंबर माह की ग्रेडिंग में श्योपुर पुलिस को द्वितीय समूह में पांचवें स्थान के साथ ए ग्रेड और 86.8 अंक मिले हैं। इस दौरान श्योपुर पुलिस ने कई बडे जिलों को पछाड़ा है। श्योपुर पुलिस अधीक्षक हेल्पलाइन की शिकायतों को लेकर गंभीरता दिखा रहे है, इसलिए श्योपुर पुलिस को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने में पिछले कुछ माह से अच्छी ग्रेड मिल रही है।

दरअसल, सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली आमजन की पुलिस से जुड़ी शिकायतों को लेकर श्योपुर पुलिस अब गंभीरता दिखा रही है। श्योपुर एसपी विकास पाठक भी इस मामले में विशेष ध्यान दे रहे है। इसलिए जिले के सभी थानों की पुलिस प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता के साथ सुनकर उसका निराकरण करवाती है। इसलिए श्योपुर पुलिस को दिसंबर माह की ग्रेडिंग में 05 वां स्थान मिला है। बताया गया है कि दिसंबर 2023 में श्योपुर पुलिस को 232 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इन शिकायतों में से श्योपुर पुलिस ने 55 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतों को पूर्ण संतुष्टि के साथ बंद करा दिया है। वहीं 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्रतिशत 11.8 रहा। श्योपुर को कुल 86.8 वेटेज स्कोर प्राप्त हुआ है। जबकि इसके पहले नवंबर माह की ग्रेडिंग के दौरान भी श्योपुर पुलिस को टॉप फाइव में स्थान मिला था।

दो समूहों में बांटे गए जिले

बता दें कि हर महीने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों और उनके निराकरण की स्थिति की हर महीने भोपाल स्तर से सभी जिलों की समीक्षा होती है और फिर ग्रेडिंग दी जाती है। पहले तो मप्र के सभी जिलों की ग्रेडिंग एक साथ होती थी, लेकिन बीते कुछ समय से मप्र के जिलों को दो समूहों में विभाजित कर दिया है। प्रथम समूह में चंबल रेंज के मुरैना, भिंड सहित 26 जिले शामिल हैं। वहीं द्वितीय समूह में श्योपुर, दतिया, अशोकनगर, नीमच, खरगोन, निवाड़ी सहित 29 जिले शामिल हैं।

प्रथम समूह में बैतूल तो द्वितीय समूह में खरगोन अव्वल

दिसंबर माह की जारी हुई ग्रेडिंग में प्रथम समूह के जिलों में बैतूल जिला प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं द्वितीय समूह में खरगोन जिला अव्वल स्थान पर रहा है। द्वितीय समूह के 29 जिलो में पहले स्थान पर खरगौन, दूसरे स्थान निवाडी, तीसरे पर डिण्डोरी, चौथे पर अशोक नगर और पांचवे स्थान पर श्योपुर जिला रहा है। जबकि 26 जिलो वाले प्रथम समूह में पहले स्थान पर बैतूल, दूसरे पर सीधी, तीसरे पर कटनी, चौथे पर छिंदवाड़ा और पांचवे स्थान पर गुना जिले का नाम है।

श्योपुर चंबल रेंज में अव्वल, मुरैना फिसड्डी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण करने के मामले में श्योपुर जिले को पूरे प्रदेश में पांचवा स्थान मिला है। लेकिन चंबल रेंज में श्योपुर अव्वल रहा है। बताया गया है कि दूसरे स्थान पर दतिया जिला है। जिसे दूसरे समूह में 76.45 अंको के साथ प्रदेश में 21 वां स्थान मिला है। जबकि तीसरे स्थान पर भिंड और चौथे स्थान पर मुरैना जिले का नाम है। प्रदेश स्तरीय रैकिंग में भिंड जिले को प्रथम समूह में 73.65 अंकों के साथ 22 वां स्थान और मुरैना जिले को प्रथम समूह में 71.63 अंको के साथ 25 वीं रैंक मिली है।

चंबल रेंज के जिलों की स्थिति

जिला	समूह	शिकायत	कुलबेटेज स्कोर	प्रदेश में स्थान
श्योपुर	द्वितीय	232	86.8	05
दतिया	द्वितीय	223	76.45	21
भिंड	प्रथम	403	73.65	22
मुरैना	प्रथम	473	71.63	25

द्वितीय समूह के टॉप 5 जिले

स्थान	जिला	शिकायत	कुलबेटेज स्कोर
1	खरगौन	309	88.68
2	निवाडी	158	87.84
3	डिण्डोरी	108	87.01
4	अशोकनगर	309	86.8
5	श्योपुर	232	86.8

इनका कहना

इस महीने श्योपुर टॉप फाइव में रहा है। यह उपलब्धि पूरे जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की सामूहिक प्रयासों के बूते हासिल हुई है। प्रयास करेंगे कि श्योपुर को पूरे प्रदेश में अव्वल आए।

विकास पाठक
एसपी, श्योपुर

किसान संघर्ष समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

किसानों का आरोपः भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर क्षेत्र के 35 गांवों के किसानों के खेतों को सिंचित करने के लिए शासन के द्वारा करोड़ों रूपए खर्च करके धरातल पर उतारी गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। हालांकि इस परियोजना को विभागीय अधिकारी कागजों में पूर्ण बता रहे हैं, लेकिन इस परियोजना से अभी तक एक भी किसान के खेत की सिंचाई नहीं हो सकी है। यह आरोप किसान संघर्ष समिति ने लगाया है और इस मामले की जांच किए जाने के लिए कलेक्टर श्योपुर संजय कुमार को एक ज्ञापन सौंपा है।

मंगलवार को किसान संघर्ष समिति श्योपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा और किसान नेता रामलखन हिरनीखेड़ा की अगुवाई में बैठक करने के बाद किसानों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया है कि शासन के द्वारा करोड़ों रूपए खर्च करके धरातल पर उतारी गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का उद्देश्य असिंचित खेतों की सिंचाई के लिए नहर का पानी उपलब्ध कराना और गरीब किसानों को संबल प्रदान करना था। इस परियोजना को विभागीय अधिकारी कागजों में पूरी बता रहे हैं। लेकिन परियोजना से अभी तक न तो किसी असिंचित खेत को सिंचाई के लिए नहर का पानी मिल सका और न ही इस परियोजना का उद्देश्य पूरा हो सका है। जिससे ऐसा लग रहा है कि यह परियोजना का क्रियान्वयन किसानों के लिए कम और विभागीय अधिकारियों के लाभ के लिए ज्यादा किया गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान हुई गड़बड़ियों के बारे में कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की गई, मगर अभी तक इन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसकारण इन परियोजना के नाम पर अधिकारियों द्वारा शासकीय राशि का गबन कर लिया है। किसानों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस परियोजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाते हुए इस संचालन जल्द शुरू करवाया जाए,ताकि असिंचित किसानों को अपने खेतों की सिंचाई के लिए जल्द ही चंबल नहर का पानी मिल सके। साथही किसानों ने यह भी चेतावनी दी है कि सात दिन हमारी समस्याओं का निदान किया जाए, अन्यथा इस मामले को लेकर किसान संघर्ष समिति के बैनर तले प्रभावित गांवों के किसान आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। ज्ञापन दिए जाने के दौरान धर्मेन्द्र मीणा चंद्रपुरा, दौलतराम गुप्ता, रामभरत गांवडी, गिर्राज मीणा कनापुर, धर्मराज मीणा धर्मपुरा, देवीराम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

सात जनवरी को सुदान अभियान के तहत एकत्रित किए गए थे कपड़े

कलेक्टर ने गरीब जरूरतमंदों के लिए कपड़े दान में मांगे नगर पालिका ने उन कपड़ों को बना दिया कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों पढ़ रही भीषण सर्दी की चपेट से उन लोगों को बचाया जाए जिनके पास तन ढकने के लिए कपड़े नहीं है ऐसे जरूरतमंदों के लिए जन सहयोग से कपड़े एकत्रित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार ने सुदान अभियान शुरू किया है, इसके तहत 7 जनवरी को शहर में कलेक्टर ने खुद अफसरों के साथ सड़क पर उतर कर लोगों से गर्म कपड़े गरीबों के लिए दान में मांगे थे, गरीबों के लिए भीख मांग कर जिन कपड़ों को कलेक्टर ने एकत्रित किया था, उन कपड़ों को नगर पालिका ने कचरे की तरह पटक दिया है। हालांकि सुदान अभियान के तहत एकत्रित किए गए कपड़ों और अधिकारियों द्वारा दान में दिए गए 15000 कंबलों को कलेक्टर खुद किसी न किसी गांव पहुंचकर जरूरतमंदों को वितरित कर रहे हैं और हर पंचायत में नोडल अधिकारी नियुक्त कर कपडे कंबल वितरण का काम किया जा रहा है, पर इस काम में नगर पालिका की लापरवाही गंभीर विषय है या तो नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर के आदेश मानने से अदृश्य शक्ति द्वारा रोका जा रहा है या फिर सीएमओ कलेक्टर के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं।

सुदान अभियान के तहत 7 जनवरी को कलेक्टर के निर्देश पर शहर में पांच स्थानों पर वस्त्र कलेक्शन स्टाल लगाए गए थे इसके अलावा कलेक्टर ने अफसरों के साथ सड़क पर उतरकर जरूरतमंदों के लिए लोगों से कपड़े दान करने की अपील की थी तब लोगों ने बड़ी संख्या में गरीब जरूरतमंदो के लिए कपड़े दान किए थे, दान में मिले इन कपड़ो को विभिन्न स्टॉलो से एकत्रित कर निषाद राज भवन ले जाकर एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं के माध्यम से पैकिंग करवाया गया था जिन्हें आज तक वितरण कराया जा रहा है, उधर नगर पालिका पर लगे स्टाल और शहर से एकत्रित हुए कपड़े आज भी नगर पालिका के खुले हाल में बिखरे पड़े हैं इन कपड़ों की ना तो पैकिंग हुई है ना ही जरूरतमंदों को वितरण कराया जा रहा है। इससे गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए कलेक्टर संजय कुमार के भागीरथी प्रयासों को पलीता लग रहा है।

नपा की लापरवाही से पहले भी ढह चुकी है नेकी की दीवार

नपा की इस तरह की लापरवाही यह कोई पहली नहीं है, इससे पहले भी नेकी की दीवार योजना नगर पालिका की लापवाही की भेंट चढ़ चुकी है। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब जरूरतमंदो के लिए शुरू की गई नेकी की दीवार योजना का शुभारंभ थाना कोतवाली के नीचे स्टॉल बनाकर किया गया था जिसका संचालन नगरपालिका को किया जाना था यहां पर नगर पालिका कपड़े एकत्रित करने के लिए अलमारी बनाकर इतिश्री कर ली। नपा के इस योजना के प्रति गंभीर नहीं होने का खामियाजा गरीबों को उठाना पड़ रहा है। कपड़े कचरे की तरह पड़े रहते हैं ना तो लोग अब इस कचरे पहनने लायक कपडे रख रहे हैं ना ही जरूरतमंद यहां से कपड़े उठा रहे हैं।

इनका कहना है...

अधिकतर कपड़े एकत्रित कर कलेक्टर के निर्देश पर निशादराज भवन में भिजवा दिए गए थे, जो कुछ कपड़े बचे रह गए हैं या बाद में आए हैं उन्हें भी भिजवाने का काम किया जा रहा है। नपा में आने वाले लोग भी जरूरत अनुसार यहां से कपड़े ले जा रहे हैं।

सतीश मटसेनिया
सीएमओ श्योपुर

असम की हेमंता विस्वा सरमा सरकार को बर्खास्त करने कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

असम में राहुल गांधी की गाड़ी पर हुए पथराव के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए असम की हेमंता विश्व सरमा सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए कांग्रेसी मार्च करते हुए कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने तहसीलदार प्रेमलता पाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि राहुल गांधी द्वारा देश की बिगड़ी हुई व्यवस्था अत्याचार गरीबी बेरोजगारी के खिलाफ पदयात्रा निकाली जा रही है इस पदयात्रा में असम की सरकार ने षडयंत्र पूर्वक राहुल गांधी से सुरक्षा हटाई। 22 जनवरी को पूरे भारत में लोग मंदिरों पर जाकर पूजा अर्चना कर रहे थे। वहीं राहुल गांधी को षडयंत्र पूर्वक मंदिर में जाने से रोका गया, इन घटनाओं में सीधा-सीधा असम सरकार का हाथ है, इसलिए लोकतंत्र की बलि चढ़ा रही इस सरकार को तत्काल बर्खास्त किए जाने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष अतुल चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फीस लेकर भी टीसी नहीं देने वाले प्रायवेट स्कूल के प्रिंसिपल को कलेक्टर ने पढ़ाया मानवता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बकाया फीस नहीं देने पर टीसी रोक देना प्राइवेट स्कूल संचालकों का शगल हो गया है। ऐसे ही एक लापरवाह विद्यालय संचालक के खिलाफ जब कलेक्टर को शिकायत मिली तो उन्होंने संबंधित विद्यालय के प्रिंसिपल को मानवता का ऐसा पाठ पढ़ाया कि वह तत्काल न सिर्फ़ टीसी देने को तैयार हो गया, बल्कि उसने आगे से किसी भी विधार्थी की टीसी न रोकने का वादा भी किया।

जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंची मानपुर निवासी चंद्रकला कुशवाहा ने उन्हें बताया कि उनके गांव में संचालित एक प्राइवेट स्कूल संचालक उनकी बेटी अंजली कुशवाह की 12वी बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट और टीसी नहीं दे रहा है, जबकि उसके द्वारा सभी फीस अदा कर दी गई है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल को फोन लगाकर पहले तो खूब अच्छे से खबर ली और उन्हें मानवता का पाठ भी पढ़ाया। इसके बाद छात्रा को टीसी और मार्कसीट दिलवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र सिंह तोमर को निर्देशित किया।

पीएम विश्वकर्मा योजना में 3226 ने किए आवेदन, 186 ही पहुंचे कलेक्टर तक

सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में जरूरतमंदों से ज्यादा पढ़े लिखे लोग सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

क्या सरकारी योजनाओं का लाभ पढ़े लिखे लोग गरीब और जरूरतमंदों से छीन रहे हैं? इसके कयास सरकारी योजनाओं में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को संख्या को देखने से लगाए जा सकते हैं। हाल ही में शुरू हुई पीएम विश्वकर्म योजना के तहत भी शहरी क्षेत्र के युवाओं ने योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं से 75 फीसद से अधिक आवेदन किए हैं, जानकार आवेदन करने की इस असमानता को शहरी क्षेत्र में जागरूकता अधिक रखना मान रहे हैं। मंगलवार तक इस योजना के लिए जिले से 3226 ने आवेदन किए थे जिनमे 186 पंचायत और नगर निकाएं संस्थाओं से सत्यापित होकर कलेक्टर तक पहुंच गए हैं, अभी भी 3039 आवेदन पेंडिग पड़े हैं जिनमें से नगरीय क्षेत्रों के 2464 और ग्रामीण क्षेत्रों के सिर्फ 576 हैं।

17सितंबर 2023 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार की तरफ से 5 फीसदी रियायती ब्याज की दर से 3 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये का प्रावधान है। इस योजना का लाभ लेने के लिए शहरी क्षेत्र से 75फीसद आवेदन किए जा रहे हैं जबकि 90 फीसद भू भाग में बसे ग्रामीण क्षेत्र में बसे युवाओं का आंकड़ा 25 फीसद ही है।

उपकरणों के खरीद के लिए 15000 का अनुदान

योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण से जुड़े उपकरणों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है।

राज्य सरकार करेगी लाभार्थियों का फैसला

इस योजना के तहत पहले ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे जिन्हें सत्यापित कर कलेक्टर तक पहुंचाएं जाएंगे, शहरी क्षेत्र आवेदनों को नगर पालिका एवं नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्र के आवेदनों को ग्राम पंचायत द्वारा सत्यपित कर पहुंचाया जाएगा। अपने पास आय आवेदनों को कलेक्टर समिति बनाकर सत्यापित कराएंगे। सत्यापित आवेदनों को कलेक्टर योजना का लाभ से जोड़ने के लिए भोपाल भेजेंगे जहां राज्य सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी उक्त आवेदनों को सत्यापित कर हितग्राहियों को लोन के लिए अनुमोदित करेगी, इसके बाद बैंक अपनी शर्तो पर संबंधित हितग्राही को लोन देगी।

पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ के लिए पंजीकरण जरूरी

इस योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, /जूता बनाने वाले कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता, भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। इसके लिए आधार कार्ड।, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी।

इनका कहना

अभी तक 3226 आवेदन ऑनलाइन हुए हैं] इनमें से 186 कलेक्टर तक पहुंच चुके हैं 2464 नगरी निकाय संस्थाओं में, 576 नगर पंचायत स्तर पर पेंडिग पड़े हुए हैं।

राघवेंद्र त्यागी
जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग

शासकीय भूमि पर बिना डायवर्सन कॉलोनी काटने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कलेक्टर के निर्देश पर कोतवाली थाने में दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर संजय कुमार ने शासकीय भूमि पर बिना डायवर्शन के कॉलोनी काटने वाले के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी है। उनकी यह कार्रवाई शासकीय भूमि को अवैध कब्जों से बचाने और भू स्वामी गरीब कृषकों को उनकी जमीन को कब्जे से मुक्त करने के उद्बेश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। कोतवाली थाना पुलिस ने महेन्द्र मीणा निवासी मठेपुरा के खिलाफ मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज 61-घ अधिनियम 1993 के तहत एफआईआर हल्का पटवारी रामअवतार सुमन की रिपोर्ट पर दर्ज की है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि महेन्द्र मीणा निवासी मठेपुरा द्वारा अपने खाते की भूमि सर्वे क्र. 106, 117/4 व 118 में अवैध कॉलोनी विकसित करने हेतु सर्वे क्र. 106 सडक खंती शासकीय भूमि पर सीसी रोड बनाया गया है तथा सर्वे क्र. 117/2 रकबा 0.470 हेक्टयर नोईयत तलाई शासकीय भूमि को भी अवैध कॉलोनी के प्लाटिंग में अपने खेत में शामिल किया गया है। इसके साथ ही कॉलोनी विकसित करने से पूर्व कोई अनुमति नही ली गई है, न ही डायर्वसन कराया है। सडक व तलाई निस्तार भूमियों को अवैध कॉलोनी में शामिल कर खुर्दबुर्द करने का प्रयास किया गया है। उक्त मामले में कॉलोनी काटने वाले महेन्द्र मीणा पर धारा 61-घ पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के तहत अपराध क्र. 34/24 दर्ज किया गया है।

दहेज में विवाहिता से मांगे 5 लाख और कार, पति समेत चार पर केस

श्योपुर। एक विवाहिता को उसके ससुरालियों ने इसलिए प्रताड़ित कर घर से बेघर कर दिया, क्योंकि वह दहेज में कार और 5 लाख रूपए लेकर नहीं आई थी। यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने पति समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है। ढोढर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम ढोढर निवासी युवती प्रीति उर्फ भगवती की शादी श्योपुर के विकासनगर निवासी अरूण मंगल के साथ हुई थी। विवाहिता प्रीति मंगल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसे ससुरालीजन आए दिन प्रताड़ित करते हैं और उससे दहेज में पांच लाख रूपए और कार लाने की मांग करते है। यह मांग पूरी न करने पर उसे ससुरालीजनों ने प्रताड़ित करने के बाद घर से निकाल दिया। जिसकारण वह अपने मायके ढोढर पहुंच गई है। विवाहिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति अरूण मंगल, ससुर केदार मंगल और सास मंजू और ननद प्रीति निवासी श्योपुर के खिलाफ दहेज एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

खबर संक्षेप

कियोस्क संचालक के साइबर ठगों ने 4 बार में निकाले हजारों रुपए, एसपी से शिकायत

शिवपुरी। कोलारस कस्बे में कियोस्क संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत मंगलवार को एसपी

ऑफिस पहुंचकर दर्ज कराई है। कोलारस कस्बे की कोर्ट रोड पर कियोस्क सेंटर संचालित करने वाले प्रमोद धाकड़ ने बताया कि 20 जनवरी की सुबह उसके एयरटेल पेमेंट बैंक खाते की आईडी से चार बार में कुल 11,851 साइबर ठगों ने निकाल लिए। इसका पता उसे शाम को आईडी चैक करने पर लगा। उसके खाते से 5050 रुपए के दो ट्रांजैक्शन, फिर महज 1 रुपए का ट्रांजैक्शन और आखिरी में 1750 रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है। यह पैसा मोबाइल नंबर के जरिए एक खाते में ट्रांसफर किया गया हैं। जबकि उसने उस नंबर पर कोई भी ऐसा ट्रांजैक्शन नहीं किया। प्रमोद धाकड़ ने बताया कि आज अपने साथ हुई ठगी की शिकायत उसने एसपी ऑफिस सहित साइबर शाखा में दर्ज कराई।

कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, पलटने से तीन घायल

शिवपुरी। कोतवाली क्षेत्र सिंहनिवास गांव के पास परमजीत ढाबे के सामने सोमवार की रात एक बेकाबू कंटेनर ने हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर के बाद ट्राली पलट गई। घटना में कंटेनर का ड्राइवर मामूली घायल हुआ वहीं ट्रैक्टर पर सवार दो लोग गंभीर घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक भौती थाना क्षेत्र के मनपुरा गांव के रहने गजेंद्र लोधी उम्र 20 वर्ष और संजू लोधी उम्र 22 वर्ष निवास लोधी ट्रैक्टर पर सवार होकर सोमवार की रात करीब साढ़े 7 बजे सिंहनिवास गांव के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान परमजीत ढाबे के सामने ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो गया था। ट्रैक्टर हाईवे पर ही खड़ा था। इस दौरान ये हादसा हो गया। घटना के तत्काल बाद ढाबे पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। साथ घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

रामजी की भक्ति में डूबा पूरा शहर, द्वार-द्वार दीप प्रज्वलन के साथ ही छाए रहे उत्साह-उमंग

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा: मना दीपोत्सव, लहराए भगवा ध्वज, गूंजते रहे जय श्री राम के उद्घोष

अशोकनगर। अयोध्या के साथ नगर ने भी 22 जनवरी को इतिहास में दर्ज कराते हुए दूसरी दीपावली मनाई। शहर में सुबह से देर रात तक राम भक्ति की गूंज सुनाई पडती रही। जहां देखो वहीं लोगों को राम नाम का जप करते देखा गया। रोशनी से मंदिर जगमगा उठे, दीपमालाओ से आंगन को सजाया गया। कहीं सुंदरकांड के पाठ, कही भजन, भंडारे और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन देखने को मिले।

सुबह की भोर में निकाली गई प्रभात फेरी, जुटे कई भक्त

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर हो,ऐसे मौके पर अशोकनगर शहर में दिन भर के कार्यक्रमो की शुरूआत सुबह की भोर में प्रभात फेरी से की गई।इस मौके पर शहर में श्रीराम जय राम जय जय राम की धुन के साथ एक प्रभात फेरी निकाली गई। पंडित कैलाषपति नायक के नेतृत्व में यह प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गो से निकली । गाजे बाजो के साथ प्रभ श्री राम की जयजयकार करते हुएं श्रृदालु इस प्रभात फेरी का हिस्सा बने। इस मौके पर पटाखे फोडे गए। महिलाए भी इस प्रभात फेरी में शामिल हुई। राम लक्ष्मण और सीता की भूमिका में भी कलाकार इस प्रभात फेरी में नजर आए।

लहर आश्रम पर की गई राम-जानकी जी की प्राण प्रतिष्ठा

स्थानीय विदिषा रोड पर स्थित लहर आश्रम पर रामजानकी दरवार की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के समय पर की गई। गणेष पूजन के साथ इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की विधि विधान से स्थापना की गई। मंदिर के महत विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि इस मौके पर कई मंहतो का सानिध्य प्राप्त हुआ । जिनमे करीला माता मंदिर के महत,मल्हारगढ मदिर के साथ कई महत और साधु शामिल थे। इसी प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हवन के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया । इस आयोजन में आए मंहतो की विदाई लहर आश्रम के मंहत द्वारा की गई।

108 सुंदरकांड के पाठ से पहले भगवान को लगाया गया छप्पन भोग

स्थानीय तार वाले बालाजी सरकार के दरवार में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के साथ परिषद के पार्षदो ने पहले भगवान को छप्पन भोग लगाया और पूजा अर्चना के साथ सुंदरकांड के 108 पाठ किए गएं। इस आयोजन में श्रृदालु झूमते नजर आए। यहा पर उपस्थित श्रोताओ ने अयोध्या

का लाइव प्रसारण एलसीडी पर देखा।जैसे ही अयोध्या के मंदिर के पट खोले गए ।वैसे ही रामलला के दर्शन होते ही रामलला तुम आए हो रामराज्य को लाए हो के नारो के साथ तार वाले बालाजी परिसर जय श्रीराम के नारो के साथ गुजायमान हो गया। इस दौरान सभी श्रोता पार्षद और अध्यक्ष मंदिर नाचते हुए दिखाई दिए। इस मौके पर श्रृदालुओ को प्रसाद प्रदान किया गया।

भक्ति भाव से की गई युगल सरकार की प्राण प्रतिष्ठा

श्री कृष्ण संस्थान पर अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर युगल सरकार राधा कृष्ण और षिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यहॉ 21 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। जिसके लिए एक यज्ञ शाला का निर्माण किया गया था। यही भागवत कथा पर हेमलता शास्त्री द्वारा प्रवचन भी प्रदान किए जा रहे थे। पिछले पाच दिनो से चल रहे धार्मिक कार्यक्रमो के साथ समापन हो गया । इस मौके पर यज्ञषाला की परिक्रमा करते हुए श्रृदालुओ को देखा गया।

सराफा बाजार हनुमान मंदिर पर महाआरती का आयोजन

सराफा बाजार हनुमान मंदिर पर हनुमान ट्रस्ट की ओर से रामजानकी दरवार में महाआरती का आयोजन किया गया। जैसे ही अयोध्या में रामदरवार के पट खुले उसी समय हनुमान मंदिर, रामजानकी के पट भी खोले गए। जैसे ही राम जानकी हनुमान जी के दर्शन हुए पूरा मंदिर परिसर श्री राम की जय के साथ शंख, घंटी, झालर से गुजायमान हो गया । भक्तजन भगवान की स्तुति करते हुए नजर आए। इस दौरान सुंदरकांड का पाठ किया गया और प्रसाद का वितरण हुआ।

शहर में शोभायात्रा निकाली गई

श्रीराम सिद्धकला मण्डल द्वारा शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पठार स्थित अम्बेडकर भवन से शुरू हुई इस शोभा यात्रा में प्रभू श्रीराम के साथ जानकी जी और लक्ष्मण जी के साथ हनुमान जी रथ पर होकर निकलें। शोभायात्रा में चार घोडो पर बालिकाए साफा बाधकर निकली । गाजे बाजो के साथ निकली इस शोभायात्रा का शहर में कई जगह स्वागत हुआ पुष्प वर्षा की गई। यह शोभायात्रा त्रिकाल चैबीस मंदिर से होते हुए सुराना चैराहा,इन्द्रापार्क चैराहा,बिलालामिल रोड ,गाधीपार्क,विदिषा रोड आदि मार्गो से निकली।

शहर भर में आर्कषक रोशनी की गई, पटाखे फोड़े गए

अयोध्या में प्रभू श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर रोशनी से सराबोर नजर आया। शहर ने दूसरी दीपावली मनाई। अनेक घर की चैखट दीपमालाओ से झिलमिलाती नजर आई। घर घर द्वार द्वारा रंगोलिया बनाई गई। शहर राम उत्सव में डूबा रहा। जहॉ देखो वहॉ प्रभू श्रीराम की जयकारा गूजती रही।

एक दिवसीय संगीतमय रामलीला का आयोजन किया गया

श्री गया प्रसाद कलाकार मण्डल द्वारा हर वर्ष सुभाष गंज के रामलीला मंच पर रामलीला का आयोजन किया जाता हैं। अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम के अवसर पर मण्डल द्वारा एक दिवसीय संगीतमय रामलीला का मंचन किया गया। शाम 6 बजे से शुरू हुई इस रामलीला में प्रभू श्रीराम के जन्म से लेकर रामराज्याभिषेक तक की लीला दिखाई गई। रामराज्य के उपलक्ष्य में 1008 दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जैन समाज ने कारसेवकों के साथ कई समाज अध्यक्षों का सम्मान किया

जैन समाज अशोकनगर द्वारा प्रभू श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एसडीएम अनिल बनवारिया,एसडीओपी विवेक शर्मा,टीआई नरेन्द्र त्रिपाठी,सीएमओ विनोद उन्नीतान के द्वारा की गई। इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष राकेष कासल,महामंत्री राकेष अमरोद,विजय धुर्रा,सुनील अखाई,अजित बरोदिया,प्रदीप तारई,संजीव भरिल्ल द्वारा कारसेवको का सम्मान किया गया। जैन समाज के कारसेवको में जयकुमार सिघई,सुभाष जैन एडवोकेट ,सुरेन्द्र मनोरिया ,राजीव जाट,राजेष तारई,राकेष रेडियो और प्रदीप घमण्डी शामिल है।इसी मौके पर रघवंषी समाज,यादव समाज,अग्रवाल समाज,कुषवाह समाज,ब्राम्हण समाज,पंजावी समाज और सिख समाजो के अध्यक्षो का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर मिठाई का वितरण किया गया।

फक्कड़ कॉलोनी में पीएचई कर्मचारी के मकान में दिनदहाड़े की चोरी

सवा लाख नकद व सोने चांदी के जेवरात ले उड़े चोर

शिवपुरी। फिजिकल थाना क्षेत्र फक्कड़ कालोनी में दिनदहाड़े लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। जहां बेखौफ चोर पीएचई विभाग के कर्मचारी के सूने घर मे ताला तोड़ कर घुसे और नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। सूचना के बाद फिजिकल थाना पुलिस ने चोरी के मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक फक्कड़ कालोनी के प्याज गोदाम के पास रहने वाले पीएचई विभाग में कार्यरत कोमल सिंह बैस अपनी पत्नी कृष्णा बैस का उपचार कराने इंदौर गए थे। कोमल सिंह बैस ने अपने घर की सुरक्षा जिम्मेदारी अपने भाई नारायण सिंह बैस को सौंप दी। कोमल सिंह बैस के भाई नारायण सिंह रात में सोने की लिए अपने भाई के घर जाते थे और दिन भर घर मे ताले डले रहते थे। रोज की तरह नारायण सिंह सोमवार की रात करीब 9:30 बजे अपने भाई के घर सोने के लिए पहुंचे थे जहां उन्हें घर के मुख्य दरवाजे का ताला कटा हुआ मिला इसके बाद घर के अंदर कमरों में भी सामान बिखरा हुआ पड़ा था। इसके बाद नारायण सिंह ने अपने परिजनों को मौके पर बुलाया था। गौरतलब है कि चोर घर मे रखे 1 लाख 25 हजार नकद, 3 तोला सोने की चूड़ी, झुमकी 2 तोला, बड़ी सोने की अंगूठी 8 ग्राम, 8 सोने अंगूठी, 3-3 ग्राम, बड़ा सोने का हार 5 तोला, छोटा सोने का हार 3 तोला, कान के 3 जोड़ी सोने के टॉप्स 2 तोला,1 तोला सोने की चैन, 2 तोला सोने के सुई धागा कान के, बाला झुमकी, पंचम जहाज, चांदी की थाली 500 ग्राम को चुरा कर ले गए।

नहाते समय करंट लगने से युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बदरवास थाना क्षेत्र के सालौन गांव में नहाते समय एक 30 वर्षीय युवक को बोरवेल के बिजली के तार से करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन डॉक्टर में युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव के शव का आज जिला मुख्यालय पर पोस्टमार्टम कराया है।जानकारी के मुताबिक सालौन गांव का रहने वाला 30 वर्षीय किशन गुर्जर सोमवार की शाम 6 बजे अपने घर मे लगे बोरवेल पर नहा रहा था। घर के सदस्य गांव में मंदिरों पर गए हुए थे। इसी दौरान नहाते वक्त किशन गुर्जर पुत्र बहादुर गुर्जर को बिजली के तार हटाते वक्त करंट लग गया।

परिजनों को किशन बेहोशी के हाल में पड़ा हुआ मिला था। इसके बाद परिजन किशन को लेकर पहले बदरवास के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन सोमवार की रात साढ़े 8 बजे जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने किशन को मृत घोषित कर दिया। बता दें कि किशन शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

3 लाख का हुआ नुकसान, विक्रेता पर कार्रवाई की मांग की

जनसुनवाई में पहुंचा किसान, बोला दवा डालते ही फसल का फूल झड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

रन्नौद थाना क्षेत्र के माधौनगर का रहने वाला एक किसान मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा। जहां उसने खराब दवा को बेचने वाले दुकानदार पर कार्रवाई और आरोपी से फसल नुकसान की राशि दिलाए जाने की मांग की।

माधौनगर के रहने वाले गुड्डा लोधी ने बताया कि 25 नवंबर को उसने अपनी मसूर की फसल में डालने के लिए 3900 की दवा रन्नौद कस्बे के राजू राय की दुकान से खरीदी थी। जिस वक्त मसूर की फसल में दवा डाली थी। उस वक्त फसल में फूल आ गया था। दवा के छिड़काव के बाद मसूर की फसल

का फूल नष्ट हो गया। किसान ने बताया कि उसकी 10 बीघा की जमीन में मसूर की फसल पूरी तरीके से खराब हो चुकी है। जिससे उसे करीब 3 लाख का नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई और दवा की शिकायत जब रन्नौद कस्बे की दवा की दुकान के संचालक राजू राय से की तो उसके तरफ से उसे भी दवा देकर मारने की धमकी दी जा रही है। इसी की शिकायत को लेकर मंगलवार को वह जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंचा है। आरोपी पर करवाई और आरोपी से ही क्षतिपूर्ति की राशि दिलवाई जाने की मांग की।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मिष्ठान बांटा

शिवपुरी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात शिवपुरी शहर में जगह-जगह भण्डारे, प्रसादी वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैली, भजनों का आयोजन देर रात तक चला। वहीं अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चलते पूरा देश सहित शिवपुरी शहर भगवामय हो गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश बंजारा, छत्रपाल सिंह गुर्जर, प्रेमनारायण लोधी एडवोकेट ने मुख्य चौराहों, कॉलोनियों एवं बस्तियों में जाकर मिष्ठान का वितरण किया। पूरे शहर को भगवा ध्वज से पाट दिया है जिससे पूरा शहर भगवामय हो गया है। लोगों में इतना उत्साह है कि सुबह से ही मंदिरों में पूजा पाठ प्रारंभ हो गए। यहां तक की गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले प्रभात फेरियां निकाली गई। लोग कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकले और श्रीराम की आराधना में जुटे रहे। युवाओं में भी इतना उत्साह देखने को मिल रहा है कि वह हाथों में भगवान ध्वज लेकर गली-गली घूम रहे हैं और पूरे शहर में चारों ओर जय श्री राम के नारे गूंज रहे हैं। शहर के माधव चौक से लेकर, कोर्ट रोड़, टेकरी, प्रगति बाजार, न्यू ब्लॉक, पुरानी शिवपुरी सहित पूरे शहर को भगवा रंग से ढक दिया गया है। मंदिरों पर जहां धार्मिक आयोजन शुरू हो गए है। रात्रि में कई मंदिरों सहित कॉलोनियों में सुन्दर काण्ड सहित भजन संध्या और विद्युत साज सज्जा का कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मौसम में बदलाव से सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

रात में घने कोहरे के साथ गिरी ओस

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मौसम लगातार करवट बदल रहा है दो दिनों की हल्की राहत के बाद सोमवार की रात घने कोहरे के साथ ओस गिरना शुरू हुई, साथ शीतलहर ने भी अपना प्रकोप बरसाना शुरू कर दिया था। सोमवार की रात यह सिलसिला रातभर जारी रहा लेकिन मंगलवार की सुबह होते ही मौसम ने फिर करवट बदल ली। मंगलवार की सुबह की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई लेकिन सर्द हवाओं से तीखी सर्दी को बरकरार रखा। हालांकि सूरज ने अपने तय समय पर निकलकर लोगों को राहत पहुंचाई है। बता दें कि आज रात का पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क चुका था। वहीं आज मंगलवार की दोपहर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। लगातार मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव के चलते सर्दी-जुकाम में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत से उठी बर्फीली हवाओं का असर मध्यप्रदेश में देखा जा रहा है। एमपी के कई जिलों में कोल्ड डे का

अलर्ट जारी किया गया जिनमें पडोसी जिला ग्वालियर भी शामिल है। बताया गया है कि अभी तीन से चार दिनों तक सर्दी का प्रकोप देखने को मिलेगा। 26 जनवरी के बाद दिन-रात के टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी होने का अनुमान मौसम वैज्ञानिकों के द्वारा लगाया गया है। भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह के अनुसार, देश के उत्तरी इलाके से सर्द हवा आ रही हैं। वहीं जमीन से 12 किमी ऊंचाई पर माइनस 53 डिग्री तापमान के बीच हवा की रफ्तार 250 किमी प्रति घंटा है। इस कारण जमीन पर ठंडक और भी बढ़ गई है। अगले एक-दो दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

राम भक्ति में देर रात तक डूबी रही लुकवासा पंचायत, दीप जलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोलारस जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लुकवासा में अवध में राम आने की खुशी में रात 1 बजे तक कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित हुए। यहां दिन में मंदिरों की पूजा पाठ के बाद देर शाम पहले सम्पूर्ण लुकवासा में 51000 दीपों को एक साथ जलाया गया। जिसमें पंचायत के बच्चों, महिलाओं सहित हर नागरिक ने हिस्सा लिया। इसके बाद पंचायत में सोमवार की रात भजन संध्या का भी आयोजन किया था। राम भक्ति में डूबी यह भजन संध्या रात 1 बजे तक चली थी। भजन संध्या में जबलपुर की रहने वाली मशहूर देवी गीत आल्हा भजन गायिका संजू बघेल को आमंत्रित किया गया था। जिनके भजन संध्या गाये गए गीतों और आल्हा को सुन ग्रामीण राम भक्ति में लीन नजर आए। भजन संध्या निर्धारित समय के बाद भी रात दो बजे तक चलती रही। लुकवासा पंचायत में प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव मनाने की तैयारी सरपंच जिज्ञासा हरिओम रघुवंशी और पंचायत के लोगों ने कई दिनों पहले से कर रखी थी।